भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2583**

**07 अगस्त, 2024 के लिए प्रश्न**

## राशन की दुकानें

**2583. श्री तेजस्वी सूर्या:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देशभर में गरीबों के लिए खाद्यान्नों के वितरण करने वाली राशन की दुकानों अथवा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) देशभर में इन दुकानों को चलाने वाले कर्मचारियों अथवा दुकान प्रबंधकों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) उन सत्यापन विधियों का ब्यौरा क्या है जिनका उपयोग खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए लाभार्थियों को प्रमाणित करने के लिए किया जाता है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क) से (ख):** देश में, 5.43 लाख (लगभग) उचित दर दुकानें (एफपीएसएस) खाद्यान्नों के वितरण में शामिल हैं। उचित दर दुकानों की संख्या को दर्शाता संघ राज्य क्षेत्र-वार का विवरण **अनुबंध** में है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एनएफएसए) के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) केंद्रीय और राज्य/संघ राज्य सरकारों की संयुक्त जवाबदेही के अतर्गत प्रचालित की जाती है। उचित दर दुकानों (एफपीएस) के प्रचालन और प्रबंधन की जवाबदेही संबंधित राज्य/संघ राज्य सरकारों के पास है।

**(ग):** लाभार्थियों का सत्यापन फिंगरप्रिंट एवं आईरिस स्कैनर, ओटीपी, अन्य सत्यापन पद्धतियों के माध्यम से बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण से किया जा रहा है।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 07.08.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2583 के उत्तर के भाग (क) से (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार उचित दर दुकानों (एफपीएस) की कुल संख्या दर्शाता विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल उचित दर दुकानें |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 416 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 29,791 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,680 |
| 4 | असम | 34,300 |
| 5 | बिहार | 50,951 |
| 6 | चंडीगढ़ | लागू नहीं |
| 7 | छतीसगढ़ | 13,675 |
| 8 | दादरा नगर हवेली और दमन व दीव | 114 |
| 9 | दिल्ली | 1,993 |
| 10 | गोवा | 452 |
| 11 | गुजरात | 16,949 |
| 12 | हरियाणा | 9,434 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 5,219 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 6,737 |
| 15 | झारखंड | 25,228 |
| 16 | कर्नाटक | 20,403 |
| 17 | केरल | 13,913 |
| 18 | लद्दाख | 404 |
| 19 | लक्षद्वीप | 39 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 27,377 |
| 21 | महाराष्ट्र | 52,642 |
| 22 | मणिपुर | 2,339 |
| 23 | मेघालय | 4,735 |
| 24 | मिजोरम | 1,258 |
| 25 | नगालैंड | 1,783 |
| 26 | ओडिशा | 12,044 |
| 27 | पुदुचेरी | लागू नहीं |
| 28 | पंजाब | 18,150 |
| 29 | राजस्थान | 27,062 |
| 30 | सिक्किम | 1,312 |
| 31 | तमिलनाडु | 34,805 |
| 32 | तेलंगाना | 17,246 |
| 33 | त्रिपुरा | 2,057 |
| 34 | उत्तराखंड | 9,059 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 79,216 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 20,476 |
| **राष्ट्रीय सारांश** | | **5,43,259** |

*****